## परिशिष्ट VII.2: वित्तीय स्थिरता विश्लेषण में आम तौर पर प्रयोग की गई चर राशियां

| क्षेत्र | माप | बारंबारता | वे क्या मापते हैं? | संकेतकारी विशेषताएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| वास्तविक अर्थव्यवस्था | जीडीपी वृद्धि | ति. या वा. | समष्टि अर्थव्यवस्था की शक्ति का सूचक है, जीडीपी महत्वपूर्ण मापों में से हैं जो विशेष रूप से ऋण विस्तार, राजकोषीय घाटे जैसी मापों के साथ उपयोग किया जाता है। | नकारात्मक अथवा कम धनात्मक मूल्य मंदी दर्शाएंगे, अत्यधिक ऊंचे मूल्य अवहनीय वृद्धि दर्शा सकती है। |
| | सरकार की राजकोषीय स्थिति | वा.,ति. या मा. | वित्तीयन खोजने की सरकार की योग्यता, वित्तीयन न मिलने पर सरकारी ऋणी की असहायता। | जीडीपी के सापेक्ष ऊंचे घाटा मूल्य का अर्थ अवहनीय सरकारी ऋणग्रस्तता और सरकारी कर्जदार की असहायता हो सकता है। |
| | मुद्रास्फीति | मा.या वा. | विभिन्न मूल्य सूचकांकों में वृद्धि की दर | मुद्रास्फीति के ऊंचे स्तर अर्थव्यवस्था में संरचनागत कमज़ोरियों का संकेत देंगे और ऋणग्रस्तता के बढ़े हुए स्तर से संभवतः मौद्रिक स्थितियां कठोर होंगी। उलटे, मुद्रास्फीति के निम्न स्तर से वित्तीय बाजारों में जोखिम भूख बढ़ने की संभावना रहेगी। |
| कारपोरेट क्षेत्र | इक्विटी के प्रति कुल ऋण | ति.या वा. | कार्पोरेशनों की लीवरेज | अत्यंत ऊंचे स्तर ऋण दायित्वों को पूरा करने में आनेवाली कठिनाइयों का संकेत दे सकते हैं। |
| | ब्याज से आय और मूल व्यय | ति.या वा. | आंतरिक संसाधनों पर निर्भर रहते हुए भुगतान दायित्व को पूरा करने की कारपोरेशनों की योग्यता | चलनिधि के अत्यंत निम्न स्तर ऋण दायित्वों को पूरा करने की असमर्थता का संकेत दे सकते हैं। |
| | इक्विटी के प्रति निवल विदेशी मुद्रा एक्सपोजर | ति.या वा. | करेंसी विसंगतियां | इस अनुपात के ऊंचे स्तर खराब करेंसी चालों से उत्पन्न होनेवाली कार्पोरेट क्षेत्र की घटनाओं का संकेत दे सकते हैं। |
| | कारपोरेट चूकें | ति.या वा. | कारपोरेट क्षेत्र में दिवालियां होने की घटनाएं निवल घरेलू | यदि भावी समस्याओं के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए तो ऊंचे मूल्य बैंकिंग क्षेत्र की भावी समस्याओं का संकेत दे सकते हैं। |
| घरेलू क्षेत्र | घरेलू आस्तियां (वित्तीय, रियल इस्टेट) | वा.,ति. या मा. | निवल घरेलू आस्तियों की गणना के लिए आस्तियों और ऋण का उपयोग किया जा सकता है | निवल घरेलू आस्तियां और खर्च करने योग्य आय (अप्रत्याशित) आर्थिक मंदी से बच निकलने में घरेलू आस्तियों की योग्यता माप सकती हैं। |
| | घरेलू ऋण | वा.,ति. या मा. | | |
| | घरेलू आय (श्रम आय, बचत आय) | वा.,ति. या मा. | निवल खर्च करने योग्य आय की गणना करने के लिए आय उपभोग और ऋण सेवा भुगतानों को मिलाया जा सकता है। | |
| | घरेलू उपभोग | वा.,ति. या मा. | | |
| | घरेलू ऋण सेवा और मुख्य भुगतान | वा.,ति. या मा. | | |

## परिशिष्ट VII.2: वित्तीय स्थिरता विश्लेषण में आम तौर पर प्रयोग की गई चर राशियां *(जारी)*

| क्षेत्र | माप | बारंबारता | वे क्या मापते हैं? | संकेतकारी विशेषताएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| बाह्य क्षेत्र | (वास्तविक) विनिमय दर | दैनिक | करेंसी का अधिक/ कम मूल्यन | करेंसी के अधिक या कम मूल्यन से संकट की शुरुआत हो सकती है (पूंजी का बहिर्गमन, भारी अंतर्वाह से अथवा निर्यात प्रतियोगिता में हानि)। |
| | विदेशी मुद्रा आरक्षित | दैनिक | बाह्य आघातों को झेल सकने की देश की योग्यता | अल्पावधि विदेशी ऋण से कम अथवा तीन महीनों के निर्यात के बराबर मूल्य के आरक्षितों से समस्याओं के संकेत मिल सकते हैं। |
| | चालू खाता/ पूंजी प्रवाह | वा.,ति. या मा. | देश की व्यापार स्थिति | महत्त्वपूर्ण व्यापार घाटों को भारी पूंजी अंतर्वाहों की आवश्यकता होगी ताकि उनका वित्तपोषण किया जा सके, यह ऐसे अंतर्वाहों के बारे में वहनीयता के मुद्दे उठाता है। |
| | परिपक्वता/ करेंसी विसंगतियां | वा.,ति. या मा. | करेंसी में असमानता/ आस्तियों और देयताओं का परिपक्वता संघटन | करेंसी के खराब उतार-चढ़ावों या पूंजी अंतर्वाहों के अचानक विपरीत प्रवाहों के मामले में परिपक्वता और करेंसी विसंगतियों से अर्थव्यवस्था को गंभीर आघातों का सामना करना पड़ सकता है। |
| वित्तीय क्षेत्र | मौद्रिक समुच्चय | मा. | लेनदेन,बचत, क्रेडिट | अत्यधिक वृद्धि मुद्रास्फीति दबावों का संकेत दे सकती है। |
| | (वास्तविक) ब्याज दरें | दैनिक | क्रेडिट की लागत, जमाराशियां आकर्षित करने की योग्यता, ऋण की वहनीयता | प्रारंभिक सीमा से ऊपर वास्तविक ब्याज दरों के आर्थिक वृद्धि की प्रवृत्ति दर से आगे जाने की संभावना है और इस प्रकार कर्ज/ जीडीपी अनुपात विस्फोटक बन जाएंगे नकारात्मक वास्ततिक दरों का अर्थ होगा कि बैंकों को जमाराशियां अकर्षित करने में मशक्कत करनी पड़ेगी। |
| | बैंक क्रेडिट बैंक लिवरेज अनुपातों में वृद्धि, एनपीएल, रिस्क प्रीमिया (सीडीएस); 3 माह के लिबोर के ऋण जोखिम घटक - ओआइएस स्प्रेड ; | मासिक<br>ति.या वा.<br>ति.या वा.<br>दैनिक | बैंकिंग क्षेत्र की जोखिमें हैं। | उधारों में अत्यंत तेज वृद्धि के साथ अकसर गिरते उधार मानक/ (सापेक्षतया) अधिक जोखिम जुड़े रहते हैं। अत्यंत ऊंची ऋण हानियां। लीवरेज अनुपात और जोखिम प्रीमियम किसी बैंकिंग संकट को पहले से ही ढंके रहते हैं। ऋण हानियां / जीडीपी अर्थव्यवस्था के लिए बैंकिंग संकट की कीमत को माप सकते हैं। |
| | पूंजी पर्याप्तता | ति.या वा. | प्रत्याशित अथवा अप्रत्याशित हानियों से निपटने के लिए बैंक के पूंजी कुशन का आकार | इस अनुपात के अत्यंत निम्न स्तर गंभीर चूकों की ओर संकेत करते हैं और ये बैंकिंग संकट के अगुवा हो सकते हैं। |
| | चलनिधि अनुपात | ति.या वा. | बैंक के सुगमता से उपलब्ध अल्पावधि संसाधनों का अनुपात जिसे अल्पावधिक दायित्वों को पूरा करने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। | इस अनुपात के अत्यंत कम स्तरों से आगे चलकर प्रणाली संकट उत्पन्न हो सकता है। |
| | स्टैंड अलोन बैंक क्रेडिट रेटिंग | अनियमित | सरकारी अथवा अन्य गारंटियों को हिसाब में लेने के उपरांत बैंकों की अपनी शक्ति | बैंकों की स्थिति का संभावित सम्पाती संकेतक जो उनकी भावी निधीयन लागतों को प्रभावित कर सकता है। |
| | क्षेत्र/क्षेत्रीय संकेंद्रण, प्रणालीगत फोकस | ति.या वा. | बैंक की उधार देने की नीति के विविधीकरण का संकेंद्रण | क्या अर्थव्यवस्था में आघातों को आगे बढ़ाने की गति के लिए प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर सकता है। |

## परिशिष्ट VII.2: वित्तीय स्थिरता विश्लेषण में आम तौर पर प्रयोग की गई चर राशियां *(समाप्त)*

| क्षेत्र | माप | बारंबारता | वे क्या मापते हैं? | संकेतकारी विशेषताएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| वित्तीय बाजार | इक्विटी सूचकांक में परिवर्तन | दैनिक | फर्मों के भावी नकद प्रवाहों के वर्तमान मूल्य की निवल मालियत जिससे सूचकांक बनता है। | सूचकांक में प्रवृत्ति से अधिक वृद्धि अथवा बाजार की अत्यंत ऊंचाई जब लोग मुनाफा वसूली के लिए उतर पड़ें, इक्विटी मूल्यों के बुलबुलों का सूचक हो सकता है। |
| | कारपोरेट बांड स्प्रेड | दैनिक | जोखिम रहित लिखतों की तुलना में कर्ज की जोखिमता | स्प्रेड में अचानक तेज उतार-चढ़ाव जोखिम के अधिक ऊंचे स्तरों, जोखिम भूख में परिवर्तनों और बाजार द्वारा मूल्यों में खबरों को शामिल करने में बदलाव। |
| | बाजार चलनिधि (सरकारी बांड, 3एम लिबोर का चलनिधि जोखिम घटक - ओआइएफ स्प्रेड) | दैनिक | बाजार द्वारा जोड़े गए मूल्य जिसके साथ तरल लिखतों की ट्रेडिंग की जा सकती है। | इन प्रीमियमों में होनेवाला अचानक संक्षिप्त तेज उतार-चढ़ाव बाजार चलनिधि की भिन्न-भिन्न स्थिति दर्शा सकता है। |
| | अस्थिरता | दैनिक | बाजारों पर मूल्यों के उतार-चढ़ाव की तीव्रता। बाजारों पर ट्रेड करने में आसानी। | निम्न अस्थिरता शांत बाजार की परिचायक हो सकती है लेकिन यह मूल्य खोज प्रक्रिया का फेल होना भी हो सकता है। उच्च अस्थिरता बाजार चलनिधि के बिखरने का प्रतिबिम्ब हो सकती है। |
| | घरेलू मूल्य | ति.,वा.या मा. | | आवास मूल्य बुलबुला, इक्विटी आहरणों से प्रेरित उपभोग उछाल (बूम), मूल्यों के गिरने की स्थिति में वित्तीय क्षेत्र को होनेवाली संभावित हानियां। |

वा. : वार्षिक  ति. : तिमाही  मा. : मासिक  दै. : दैनिक

**टिप्पणी** : उच्च बारंबारता के साथ उपलब्ध आंकड़े कभी-कभी वित्तीय स्थिरता निगरानी की निम्न बारंबारता के साथ उपयोग किए जा सकते हैं।

**स्रोत** : ब्लैज़ गडानिस और कौशिक जयराम (2009), 'वित्तीय स्थिरता के माप - एक समीक्षा',बीआइएस ।